हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 23 फरवरी 2026

06 सख्तीः जिम्मेदारों की पगार काटने, वेतन वृद्धि...



07 कालीपीठ में जागरुकता चौपाल का किया...





## खबर संक्षेप

### बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 में होगी कार्रवाई

सीहोर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि यदि बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ पाई जाती है तो ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट portal.mpcz.in अथवा उपाय (UPAY) एप या बिजली वितरण केन्द्र/ जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ताओं की शिकायतों के निराकरण की पूरी व्यवस्था की गई है। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। इसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

### जाति प्रमाण पत्र आवेदन के साथ समग्र अनिवार्य

**सीहोर।** लोक सेवा गारंटी के माध्यम से जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के लिए अब आवेदन की या परिवार की समग्र आई.डी.होना अनिवार्य किया गया है।

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन

**सीहोर।** आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी ने बताया है कि वर्तमान में यह संज्ञान में आया है कि कई फेक पोर्टल या वेबसाइट के माध्यम से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जा रहे है, जिसके कारण जनसाधारण भ्रमित हो रहे हैं। जो कि वैधानिक नहीं है। आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी ने बताया कि URL: https://dc.crsorgi.gov.in/ पर लॉगिन कर वैधानिक जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनवायें। अन्य किसी माध्यम से बनवाया गया प्रमाण पत्र नकली प्रमाण पत्र है, इसे बनवाने से बचें। उन्होंने बताया कि यदि किसी आवेदक को ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने में कठिनाई आ रही है तो वह जहां पर घटना घटित हुई है, उससे संबंधित पंजीयन इकाई में आवेदन करे। जैसे कि यदि प्राइवेट अस्पताल में जन्म अथवा मृत्यु हुई है तो वहां की नगरपालिका नगर परिषद और नगर पंचायत में आवेदन करें।

# नारी शक्ति का गढ़ बना सीहोर, 'पिंक डिस्ट्रिक्ट' बनने से महज दो कदम दूर, सिस्टम की कमान महिला अफसरों के हाथ

**एएसपी, जिपं. सीईओ, जेल अधीक्षक, डीएफओ, बिजली कंपनी महाप्रबंधक जैसे महत्वपूर्ण पदों पर महिला ऑफिसर काबिज**

जुगल किशोर पटेल ⏭ सीहोर

इसे महज संयोग कहें या महिला सशक्तीकरण का उभरता हुआ चेहरा, लेकिन सीहोर जिला आज पूरे मध्य प्रदेश के लिए एक अनूठी मिसाल पेश कर रहा है। वीआईपी जिला माने जाने वाले सीहोर के प्रशासनिक ढांचे पर नजर डालें तो यहां शीर्ष से लेकर जमीन तक के अधिकांश महत्वपूर्ण पदों पर महिला अधिकारी अपनी काबिलियत का लोहा मनवा रही हैं। फिलहाल कलेक्टर और एसपी के पदों को छोड़ दिया जाए तो जिले का पूरा सरकारी तंत्र 'नारी शक्ति' के कंधों पर टिका नजर आता है। ऐसे में यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि सीहोर अब 'पिंक डिस्ट्रिक्ट' बनने से महज दो कदम दूर है।

बता दें जिले के प्रशासनिक और पुलिस सिस्टम की हर अहम कड़ी में महिला अधिकारी तैनात हैं। पुलिस महकमे में दूसरे सबसे बड़े पद यानी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की जिम्मेदारी सुनीता रावत संभाल रही हैं तो जिले के विकास की धुरी जिला पंचायत सीईओ के रूप में सृजना यादव सक्रिय हैं, जेल अधीक्षक प्रतिभा पटेल, बिजली विभाग जैसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र की कमान महाप्रबंधक पूनम तुमराम, केन्द्रीय विद्यालय प्राचार्य की जिम्मेदारी पूजा श्रीवास्तव पर है। कानून व्यवस्था की बात करें तो सीएसपी पद पर डॉ. अभिनंदना शर्मा, एसडीओपी पूजा शर्मा और महिला पुलिस थाने की कमान माया सिंह संभाल रही हैं।



सर्जना यादव,जिपं सीईओ



सुनिता रावत, एडीशनल एसपी



अर्चना पटेल, डीएफओ

### महत्वपूर्ण जिला है सीहोर

बता दें सीहोर जिला केवल अपनी प्रशासनिक व्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि अपनी राजनीतिक और धार्मिक पहचान के लिए भी देश-दुनिया में विख्यात है। यह जिला देश के केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का गृह जिला है तो प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा भी यहीं के निवासी हैं। यह जिला तीन लोकसभा क्षेत्रों (विदिशा, भोपाल और देवास) में समाहित है।




### इन अफसरों के पास भी है अहम जिम्मेदारी

**प्रशासनः** संयुक्त कलेक्टर वंदना राजपूत, होमगार्ड कमाडेंट नीलमड़ी लडियां, इछावर एसडीएम स्वाती मिश्रा, जावर तहसीलदार सुमन बाथम, इछावर नायब तहसीलदार अनामिका सिंह, नायब तहसीलदार आरती सोलंकी, जनपद सीईओ इछावर रुशिल पौरत, जन अभियान परिषद पारूल उपाध्याय।

वित्त व सेवाः ट्रेजरी ऑफिसर नेहा सिंघई, जिला पेंशन अधिकारी आस्था चौरसिया, लोकसेवा प्रबंधन सहायक ममता दुबे।

**शिक्षा व विकासः** जनपद सीईओ नमिता बघेल, डाइट प्राचार्य अनिता बडगुर्जर, बीईओ ममता कीर, सहायक संचालक सलोनी शर्मा, उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य सुनीता जैन।

**सुरक्षा व अन्यः** डीएफओ अर्चना पटेल, जिला खाद्य अधिकारी रेशमा भामोर, खाद्य सुरक्षा निरीक्षक भावना ठाकुर व सारिका गुप्ता, खनिज निरीक्षक खुशबू वर्मा, नायब तहसीलदार अनामिका सिंह। नेहरू युवा केन्द्र जिला समन्वयक निकी राठौर,

**खेल व स्वास्थ्यः** जिला खेल अधिकारी रूबीका दीवान, जिला मलेरिया अधिकारी क्षमा बर्वे और पिछड़ा वर्ग विभाग में दिव्या राय अपनी सेवाएं दे रही हैं।

### कुबेरेश्वर धाम-सलकनपुर ने दी विशेष पहचान

आस्था के मामले में यह जिला देश-प्रदेश में अपनी खास पहचान रखता है। यहां कुबेरेश्वर धाम जैसा विश्व प्रसिद्ध केंद्र है, तो सलकनपुर में मां विजयासन का धाम है। मां नर्मदा की लहरें भी जिले को पवित्र करती हैं। हाल ही में कुबेरेश्वर धाम पर संपन्न रुद्राक्ष महोत्सव में देश भर से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, जबकि मां विजयासन धाम पर उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर देवीलोक का भव्य निर्माण हो रहा है।



**शहर में राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण, समाजजन बोले- आने वाली पीढ़ी इतिहास से जुड़ेगी**

# भोपाल नाके का नाम राजा भोज चौराहा किया जाएगाः नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर

नगर पालिका और परमार समाज के संयुक्त सहयोग से बनी राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह प्रतिमा करीब 8 फीट ऊंची है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के भोपाल नाके पर नगर पालिका और परमार समाज के संयुक्त तत्वाधान में रविवार भव्य कार्यक्रम .के साथ आस्था और उत्साह के साथ परमार समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस मौके पर जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में परमार समाज के अलावा क्षेत्रवासी शामिल थे। इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक परमार समाज की ओर से संबोधित करते हुए विजेन्द्र परमार ने कहाकि हमारे शहर के नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने समाज और क्षेत्र को सौगात दी है।

नगर पालिका और परमार समाज के संयुक्त सहयोग से बनी राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह प्रतिमा करीब 8 फीट ऊंची है। समाजजनों ने बताया कि लंबे समय से राजा भोज की प्रतिमा लगाने की मांग थी, जो अब पूरी हो गई है। इससे शहर ही नहीं आस-पास के ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम के दौरान परमार समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सूरज सिंह परमार, उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाडा, शुजालपुर नगर पालिका अध्यक्ष बबीता परमार, जनपद सरिता परमार, सन्नी महाजन, वार्ड क्रमांक 7 की पार्षद हेमलता विजेन्द्र परमार आदि के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और परमार समाज के लोग उपस्थित थे।

राजा भोज परमार वंश के एक अत्यंत प्रतापी, न्यायप्रिय और कला-प्रेमी शासक थे, जो केवल मालवा ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत की आस्था और लोक संस्कृति में एक लोक-नायक के रूप में रचे-बसे हैं। यह बात नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कही। राजा भोज की प्रतिमा का अनावरण किया। समाज के लोगों ने राजा भोज के अच्छे शासन, शिक्षा प्रेम और समाज सेवा के कार्यों के बारे में बताया।






### जगदीश मंदिर पर सामुदायिक भवन निर्माण की मांग

इस मौके पर मंच पर कार्यक्रम के संयोजक विजेन्द्र परमार, विमल परमार आदि ने नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने भोपाल नाके का नाम राज भोज चौराहे के अलावा छावनी में प्राचीन जगदीश मंदिर में भव्य सामुदायिक भवन निर्माण करने की मांग की। भोपाल नाका चौराहे पर स्थापित की जा रही राजा भोज की प्रतिमा प्रदेश के गौरव और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक मानी जा रही है। आयोजकों का कहना है कि राजा भोज ने अपने शासनकाल में शिक्षा, संस्कृति, जल प्रबंधन और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए थे। उनकी प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को सेवा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों की प्रेरणा देती रहेगी। प्रतिमा स्थापना के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने पर परमार समाज द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर के प्रति आभार भी व्यक्त किया, कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए मंच, स्वागत द्वार, सजावट और सुरक्षा व्यवस्था की विशेष तैयारियां की गई थी, अनावरण समारोह के पश्चात मुरली स्थित राजा भोज मैरिज गार्डन में समाजजन एवं आमंत्रित अतिथियों के लिए स्नेह भोज का आयोजन किया गया।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंतःदादा-पोते समेत 3 लोग घायल; दो की हालत गंभीर होने पर रेफर किया



**इछावर।** जिले के इछावर थाना क्षेत्र स्थित रामनगर गांव के पास दो बाइकों के बीच आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। इस सड़क हादसे में एक 7 वर्षीय बच्चे सहित कुल तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घटना के बाद पुलिस के 112 वाहन की मदद से सभी घायलों को सिविल अस्पताल इछावर ले जाया गया, जहां से दो लोगों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है, जबकि घायल बच्चे का इलाज इछावर में ही जारी है।

**रामनगर गांव के पास हुआ हादसा :** जानकारी के अनुसार, हालिया खेड़ी गांव के रहने वाले पहलाद अपने 7 वर्षीय पोते विनायक के साथ बाइक पर सवार होकर इछावर की ओर आ रहे थे। उसी समय दूसरी बाइक पर सवार होकर मुगली गांव निवासी कृपाल सिंह इछावर की तरफ से रामनगर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रामनगर गांव के पास दोनों बाइकों में आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई।

**डायल 112 की मदद से पहुंचे अस्पतालः** हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 का वाहन मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू कर घायलों को इछावर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। इस दुर्घटना में कृपाल सिंह और पहलाद दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अस्पताल में डॉक्टरों ने दोनों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार देने के बाद बड़े अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। वहीं, घायल 7 वर्षीय विनायक का इलाज सिविल अस्पताल इछावर में ही चल रहा है।

**सुरक्षा का अभेद्य चक्र, 1400 जवानों की तैनाती**

# कलेक्टर-एसपी की प्लानिंग और मॉनीटिरंग का नतीजा सफल रहा रुद्राक्ष महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला प्रशासन और पुलिस की सटीक रणनीति और मुस्तैदी के चलते कुबेरेश्वर धाम में आयोजित सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव 14 से 20 फरवरी तक भव्यता के साथ संपन्न हो गया। लाखों श्रद्धालुओं की आमद के बावजूद कलेक्टर बालागुरू के. और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के कुशल नेतृत्व में पूरा आयोजन सुव्यवस्थित रहा और कहीं भी जाम या अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हुई। महोत्सव को सफल बनाने के लिए कलेक्टर और एसपी ने टीम वर्क की मिसाल पेश की। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशन में जिला प्रशासन ने पेयजल, स्वास्थ्य और आपातकालीन सेवाओं के पुख्ता इंतजाम किए, वहीं एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए अचूक घेराबंदी तैयार की। दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं आयोजन स्थल का लगातार निरीक्षण किया, जिससे मैदानी स्तर पर तैनात अमला पूरी तरह मुस्तैद रहा।



**सुरक्षा का अभेद्य चक्र, 1400 जवानों की तैनाती :** सुरक्षा की दृष्टि से एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने लगभग 1400 पुलिसकर्मियों का बल तैनात किया था। कथा पंडाल, भोजनशाला और पार्किंग स्थलों पर पुलिस की पैनी नजर रही। सीसीटीवी कैमरों और कंट्रोल रूम के जरिए भीड़ पर सतत निगरानी रखी गई। विशेष रूप से महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सहायता के लिए पुलिस का व्यवहार अत्यंत संवेदनशील रहा।

### बेमिसाल रहा ट्रैफिक मैनेजमेंट

भोपाल-इंदौर हाईवे पर यातायात को सुचारु रखने के लिए कलेक्टर और एसपी द्वारा तैयार किया गया विशेष ट्रैफिक प्लान मील का पत्थर साबित हुआ। आवश्यकतानुसार डायवर्जन और व्यवस्थित पार्किंग के कारण हाईवे पर वाहनों का आवागमन सुगम रहा। श्रद्धालुओं ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग की इस कार्यकुशलता और कर्तव्यनिष्ठा की मुक्त कंठ से सराहना की है।

# मायके में रह रही 26 वर्षीय महिला ने बीच सड़क पर लगाई आग, हालत नाजुक

**लाड़कुई में सुबह-सुबह सनसनी, गंभीर हालत में भोपाल रेफर, जांच में जुटी पुलिस**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा

भैरुंदा थाना क्षेत्र के लाड़कुई कस्बे में रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मायके में रह रही 26 वर्षीय महिला ने घर के सामने सड़क पर खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। सुबह करीब 9 बजे हुई इस घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। चीख-पुकार सुनते ही आसपास के ग्रामीण दौड़ पड़े और बाल्टियों से पानी डालकर आग बुझाई। हालांकि तब तक महिला गंभीर रूप से झुलस चुकी थी। प्राथमिक उपचार के बाद उसे सिविल अस्पताल भैरुंदा से भोपाल के हमिदिया अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिनीता पति सुनील उईके (26), निवासी गोंडी गुराडिया, इन दिनों अपने मायके लाड़कुई में रह रही थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला अचानक घर के बाहर आई और कुछ ही पलों में खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डाल लिया। देखते ही देखते आग की लपटों ने उसे घेर लिया। अचानक हुई इस घटना से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए पानी डालकर आग पर काबू पाया, जिससे स्थिति और भयावह होने से बच गई।



सूचना मिलते ही भैरुंदा पुलिस मौके पर पहुंची। 112 एंबुलेंस की सहायता से महिला को तत्काल सिविल अस्पताल लाया गया। यहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया, लेकिन गंभीर जलन के कारण उसे बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर कर दिया गया।

डॉक्टरों के अनुसार महिला का शरीर बुरी तरह झुलसा है और उसकी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। अस्पताल में चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार जारी है।

### कारण स्पष्ट नहीं, हर एंगल से जांच

एसडीओपी रोशन कुमार जैन ने बताया कि महिला के इस कदम के पीछे के कारण अभी स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है, सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। महिला के बयान और चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

### खबर संक्षेप

## 16 सूत्रीय मांगों को लेकर भरेंगे हुंकार

**भैरुंदा।** किसान स्वराज संगठन के द्वारा आगामी 27 फरवरी को विशाल किसान आंदोलन किया जा रहा है। दोपहर 1 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में किसान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर हुंकार भरेंगे। संगठन के नेता गजेंद्र जाट ने बताया कि मध्य प्रदेश की सरकार के द्वारा किसानों से की गई मांग अभी तक पूरी नहीं हो सकी है। 3000 प्रति क्विंटल में गेहूं खरीदे जाने का वादा अभी तक धरातल पर नहीं उतरा है। ऐसा लगता है कि मध्य प्रदेश की सरकार किसानों को गुमराह कर रही है। किसानों के विभिन्न मांगों को लेकर आगामी 27 फरवरी को दोपहर 1 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण में आंदोलन किया जा रहा है। इस दौरान किसानों के द्वारा अपनी प्रमुख मांगों को लेकर सरकार से निश्चित समय अवधि में पूरी किए जाने की मांग की जाएगी। इसके बाद भी यदि सरकार के द्वारा इस मामले में कोई संज्ञान नहीं लिया जाता है तो आगामी रणनीति के तहत संगठन के द्वारा आंदोलन के रूपरेखा को आगे बढ़ाया जाएगा। 27 फरवरी को संपन्न होने वाले आंदोलन के दौरान सरकार से मांग की जाएगी की गेहूं की खरीदी 3000 प्रति क्विंटल की जावे, खरीफ रवि फसल ऋण जमा करने की तारीख 31 मार्च के स्थान पर 30 जून की जावे, सोलर पंप योजना में किसान के नाम पर ऋण नहीं लिया जावे, भावंतर योजना बंद की जाए।

### संकल्प से समाधान अभियान व हितग्राहीमूलक योजनाओं की हुई समीक्षा बैठक

# सख्तीः जिम्मेदारों की पगार काटने, वेतन वृद्धि रोकने और नोटिस देने के दिए निर्देश

**बैठक में कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेन्स से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



संकल्प से समाधान अभियान एवं विभिन्न विभागों द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, डीएफओ अमित सिंह, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन, संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने ''संकल्प से समाधान अभियान'', रोजगार संबंधित योजनाओं, हितग्राहीमूलक योजनाओं में आने वाली बैंकों से संबंधित समस्याओं, बैंकों द्वारा विभिन्न योजनाओं में किये गये रिजेक्शन प्रकरणों, प्रधानमंत्री आवास योजना, एनआरएलएम अंतर्गत बैंक लिंकेज (सीसीएल), पीएम विश्वकर्मा, वन विभाग के लंबित निर्माण कार्यों, वनाधिकार तथा वन पट्टाधारी लोगों को शासकीय योजना का लाभ दिलाने एवं कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेन्स से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की समीक्षा की।

कलेक्टर ने 'संकल्प से समाधान अभियान' की समीक्षा कर निर्देश दिये कि अभियान के तहत प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण कर शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाये। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा की और प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि अभियान के तहत कलस्टर बनाकर शिविर लगाये एवं पात्र हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों के माध्यम से प्रमाण-पत्र दिलाया जाये। नगर परिषद बागली, पीपलरावां, लोहारदा, सतवास, करनावद में अभियान के तहत कार्य नहीं किये जाने पर संबंधित सीएमओ की दो-दो वेतन वृद्धि रोकने एवं मॉनिटरिंग नहीं करने पर पीओ डूडा को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।सिंह ने कहा कि 'संकल्प से समाधान अभियान' में जिले की सभी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का जाति प्रमाण-पत्र बनाया जाये। अभियान के तहत सीएचओ और आंगनवाडी कार्यकर्ता घर-घर जाकर 70 प्लस आयु के नागरिकों का आयुष्मान कार्ड बनाये। 'संकल्प से समाधान अभियान' के तहत स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ नागरिकों को नहीं दिलाने एवं अभियान में निराशाजनक प्रगति पर जिले की सभी सीएचओ और आंगनवाडी सुपरवाईजरों का 10-10 दिन का वेतन काटने, सोनकच्छ बीएमओ की दो वेतन वृद्धि रोकने, सभी बीएमओ को शोकाज नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।सिंह ने नगर निगम को निर्देश दिये कि नगर निगम क्षेत्र में सभी वार्डो में घर-घर जाकर अभियान के तहत पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाये। उन्होंने डॉग बाईट एवं आवारा मवेशियों के प्रबंधन के लिए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिये। उल्लेखनीय है कि संकल्प से समाधान अभियान चार चरणों में चलाया जा रहा है।

## बेटा तो एक कुल को तारता है मगर बेटीयों एक नहीं दो दो कुलों को तार देती हैः पूजा शर्मा




हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

समीपस्त गांव ककरदा मे माता जी हनुमान जी, श्री राधा कृष्ण भगवान की प्रणा प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर 18 फरवरी से 24 फरवरी तक सात दिवसीय नव चण्डी महायज्ञ का आयोजन के मंदिर प्रांगण मे पंडित सतीश शास्त्री आचार्य मे 13 जोडे सहपत्नी के साथ मे यज्ञ नारायण भगवान की पूजा-अर्चना करके आहुतियां डाली जा रही है 24 फरवरी को भगवान हनुमान जी अंबे माताजी एवं राधा कृष्ण भगवान की स्थापना की जाएगी और इसी दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा 18 फरवरी से 24 फरवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा कथा का आयोजन भी इन्दौर की सुप्रसिद्ध कथा वाचक पूजा शर्मा के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का श्रवण कराया जा रहा है। ककरदा में चल रही श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन कथाव्चक पूजा शर्मा ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। इसमें भगवान के जन्म लेने से लेकर अनेक प्रसंग का वर्णन हुआ। व्यासपीठ से पूजा शर्मा ने कहा कि भगवान बडे रुप मे माता जी से बात करने लगे तो माता जी ने कहा बालक के रुप मे आओ और चार हाथ के बालक नही होता भगवान ने अपने दो हाथ कम किया और रोना प्रारम्भ कर दिया भगवान कृष्ण के दर्शन करने के लिए यमना ऊफन पर आई भगवान ने यमनाजी को डाट लगई मे बाबा को डुबायेगी यमनाजी बोली मे आपके दर्शन करना चाहती हू भगवान के कहा की दर्शन नही दे पाऊगा मेरे चरण स्पर्श कर लो जन्म होने के बाद राजा कंस उनकी मृत्यु कराने के लिए अपने राज्य की बलशाली राक्षसी पूतना को गोकुल धाम भेजते है।

## भारतीय मजदूर संघ का धरना प्रदर्शन 25 को

### सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन में होंगे शामिल

**सीहोर।** भारतीय मजदूर संघ के 21वें अखिल भारतीय अधिवेशन में निर्णय अनुसार श्रमिकों और कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र और राज्य सरकार का ध्यान आकर्षित करने के लिए जिला मुख्यालय पर 25 फरवरी बुधवार को विशाल धरना और प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।

भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री विनीत दुबे ने बताया कि प्रदेश संगठन के निर्देश पर जिले भर के शासकीय व संविदा कर्मचारी, आँगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका सामूहिक रूप से अवकाश लेकर आंदोलन में शामिल होंगे। कार्यक्रम अनुसार 25 फरवरी को दोपहर 1:00 बजे रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे। आंदोलन में आगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका संघ, राज्य कर्मचारी संघ, संविदा कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य कार्यकर्ता संघ, पेंशनर्स एसोसिएशन, डाक कर्मचारी संघ, रेल मजदूर महासंघ आदि सहित अन्य कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। गौरतलब है कि भारतीय मजदूर संघ का 21वां अखिल भारतीय त्रिवार्षिक 03 दिवसीय अधिवेशन विगत 6,7,8 फरवरी 2026 को भगवान जगन्नाथ जी की पवित्र स्थली पुरी, उड़ीसा में संपन्न हुआ। इस अधिवेशन में देश भर से उपस्थित श्रमिकों से संबंधित ज्वलंत मुद्दों पर गहराई से चर्चा हुई। तदपश्चात सभी प्रस्तावों को सर्वानुमति से पारित किया गया। इस अधिवेशन से पहले भारतीय मजदूर संघ के एक प्रतिनिधि मंडल ने श्रम तथा रोजगार मंत्री से मुलाकात की और अनेक मांगों का ज्ञापन पत्र उन्हें सौंपा। मुलाकात के वक्त मंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को भरोसा दिलाया कि उठाए गए मुद्दों की समीक्षा कर शीघ्र समाधान किया जाएगा।

**प्रमुख मांगे :**

- सभी सेक्टर तथा सभी श्रमिकों के लिए श्रम कानूनों को बिना किसी छूट के, अंत्योदय की भावना के साथ लागू किया जाए।
- लेबर कोड अर्थात 'इंडसट्रियल रिलेशन कोड 2020' तथा 'ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशन कोड 2020' में श्रमिकों की चिंताओं का समाधान किया जाए।
- त्रिपक्षीय तंत्र का पुनरुद्धार और सुदृढ़ीकरण किया जाए। इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस को शीघ्र बुलाया जाए। त्रिपक्षीय कमेटियों का पुनर्गठन कर उन्हें प्रभावी और नियमित रूप से श्रमिकों के कल्याण हेतु कार्य करने के लिए सुनिश्चित किया जाए।
- ई पी एस -95 के अंतर्गत न्यूनतम पेंशन 1000/- से बढ़ाकर 7500/- प्रतिमाह महंगाई भत्ते के साथ लागू किया जाए।
- 0EPF में अनिवार्य अंशदान के लिए वर्तमान वेतन सीमा 15000/- से बढ़ाकर 30000/- प्रतिमाह किया जाए। ESIC के तहत कवरेज के लिए मासिक वेतन सीमा 21000/- से बढ़ाकर 42000/- प्रतिमाह किया जाए।
- बोनस भुगतान अधिनियम 1965 के तहत बोनस की पात्रता हेतु कैलकुलेशन की वर्तमान सीमा 7000/- तथा अधिकतम सीमा 21000/- प्रतिमाह में बढ़ाई जाए।
- भारत के संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 और 21 की मूल भावना के अनुसार स्कीम वर्कर और ठेका श्रमिकों को स्थाई किया जाए।
- आम भर्ती (General Recruitment) पर लगी रोक को तुरंत हटाया जाए तथा नौकरियों में गारंटीड रोजगार सुनिश्चित किया जाए।

अधिवेशन के दौरान विभिन्न उद्योगों में कार्य करने वाले श्रमिकों के हितों की रक्षा और उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कई सेक्टर विशेष के प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया गया और उन्हें सर्वसम्मति से अधिवेशन के प्रस्ताव के रूप में पारित किया गया। समूह भारत से आए प्रतिनिधियों द्वारा पारित सभी प्रस्ताव की प्रतिलिपि अध्ययन, पठन और आवश्यक कार्रवाई हेतु संलग्न की जा रही है।

## आधुनिक भोजनशाला से 20 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को निशुल्क भोजन प्रसादी का वितरण



**सीहोर।** रुद्राक्ष महोत्सव 2026 का समापन दो दिन पहले हो चुका है, इसके पश्चात भी हर रोज हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं को समिति की ओर से भोजन प्रसादी का वितरण किया। रविवार को धाम पर आधुनिक भोजनशाला से 20 हजार लोगों के लिए भोजन प्रसादी की निशुल्क व्यवस्था के साथ पेयजल आदि की व्यवस्था की गई। समिति की ओर से पंडित समीर शुक्ला और पंडित विनय मिश्रा ने बताया कि यहां पर नियमित रूप से 10 से 20 हजार से अधिक श्रद्धालु को भोजन निशुल्क व्यवस्था की जाती है, इसके अलावा शिव महापुराण, महोत्सव के दौरान पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं के लिए भोजन प्रसादी बनाने की व्यवस्था की जाती है। गत दिनों हुए रुद्राक्ष महोत्सव में समिति ने यहां पर आने वाले लाखों की संख्या में नियमित रूप से रोटी, खिचड़ी, मिठाई, चावल आदि का वितरण किया था।

रविवार को सुबह अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने हजारों की संख्या में धाम पर पहुंचे श्रद्धालुओं से भेंट की। समिति के मीडिया प्रभारी मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि पंडित श्री मिश्रा की आगामी कथा 24 फरवरी से दो मार्च महाराष्ट्र के पुणे में आयोजित होगी। इसके लिए सोमवार को वह रवाना होंगे। धाम पर लगातार सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव में संपूर्ण प्रशासन, समिति, शहरी और ग्रामीणों ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर समन्वय से कार्यक्रम को सफल रखा है। जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस प्रशासन की ओर से वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग, मध्यप्रदेश विद्युत वितरण कंपनी, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका की ओर से स्वच्छता मित्र, राजस्व अमला, पंचायत सचिव-रोजगार सहायक, रेलवे विभाग, पटवारियों का संघ, पीएचई के अलावा सभी विभागों के कर्मचारियों और हजारों की संख्या में आने वाले सेवादारों ने अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक श्री मिश्रा के मार्गदर्शन में कार्य किया।

## तेज रफ्तार का कहरः राला में अज्ञात वाहन की टक्कर से स्विफ्ट कार के उड़े परखच्चे, चालक बाल-बाल बचा



**भैरुंदा।** शनिवार देर रात भैरुंदा क्षेत्र के राला में एक भीषण सड़क हादसे ने इलाके में सनसनी फैला दी। तेज रफ्तार और लापरवाही से दौड़ रहे अज्ञात वाहन ने एक मारुति सुजुकी स्विफ्ट कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कार चालक रोहित हरियाले भोपाल से सवारी छोड़कर अपने गांव राला लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी कार को सामने से टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर की आवाज दूर तक सुनाई दी। अचानक हुई इस घटना से कुछ समय के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे के बाद राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर मदद की। गनीमत रही कि चालक रोहित हरियाले इस भीषण दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। उन्हें मामूली चोटें आईं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद खतरे से बाहर बताया गया। जिस हालत में कार नजर आई, उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि हादसा कितना गंभीर था और बड़ी जनहानि टल गई। घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि संबंधित मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की जाए, नियमित गश्त बढ़ाई जाए और अज्ञात वाहन चालक की शीघ्र पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

## खनिज विभाग की कार्रवाई, 3 जेसीबी मशीन व 1 लोडर जब्त

### रात में संयुक्त टीम का छापा, अवैध उत्खनन पर कसा शिकंजा




**भैरूंदा।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कलेक्टर के निर्देश पर शनिवार देर रात खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने ग्राम दिमावर स्थित रेत खदान पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अवैध उत्खनन में संलिप्त 3 जेसीबी मशीन और 1 लोडर को मौके से जब्त किया गया। जब्त मशीनों को थाना रेहटी की अभिरक्षा में सौंप दिया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार यह संयुक्त अभियान तहसील बुधनी, रेहटी और भैरूंदा क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अवैध खनिज गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना है। देर रात की गई सघन चेकिंग के दौरान ग्राम दिमावर में बिना वैध अनुमति रेत उत्खनन किया जाना पाया गया। टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मशीनरी को कब्जे में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी। अधिकारियों के अनुसार जब्त वाहनों के विरुद्ध खनिज नियमों एवं प्रचलित प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर जुर्माना अधिरोपित किया जाएगा। साथ ही इस अवैध गतिविधि में शामिल संबंधित व्यक्तियों की पहचान कर उनकी भूमिका की भी जांच की जा रही है।

## तीन दिवसीय व्यक्तित्व विकास एवं सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



**सीहोर।** राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय के अंतर्गत आरएके कृषि महाविद्यालय सीहोर में अनुसूचित जाति एससी विद्यार्थियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय विश्वविद्यालय स्तरीय एससी लाभार्थियों के लिए व्यक्तित्व विकास और सॉफ्ट स्किल्स कार्यक्रम का शुभारंभ दिनांक 22 फरवरी 2026 को किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 22 से 24 फरवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है, जो कम्युनिकेयर ट्रेनिंग एंड कंटेंट सॉल्यूशंस पुणे के सहयोग से संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ कम्युनिकेयर पुणे से पधारे प्रशिक्षक श्री कौशल राउत एवं महाविद्यालय के प्रभारी अधिष्ठाता डॉ.एस.सी. गुप्ता द्वारा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।सर्वप्रथम डॉण् एसण्सीण गुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंटकर मुख्य प्रशिक्षक का स्वागत किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक डॉ.ए.के. चौधरी द्वारा डॉ.एस.सी. गुप्ता प्रभारी अधिष्ठाता का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में डॉ.एस.सी.गुप्ता द्वारा विद्यार्थियों को सलाह दी गई कि वह व्यक्तित्व विकास से संपादित इस प्रशिक्षण में तीन दिन तन्मयता से सहभागिता कर प्रशिक्षण का भरपूर लाभ लेवे एवं अपने व्यक्तित्व विकास के साथ साथ भविष्य में अपने कैरियर को उज्जवल बनाये।

### बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी गेहूं और चने की फसलें गीली हो गई थीं

# तीन दिन की बारिश के बाद खिली धूपः किसानों को राहत बारिश ने बढ़ाई थी चिंता, फसलें पककर तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले में तीन दिनों तक रुक-रुक कर हुई बारिश के बाद रविवार सुबह से मौसम साफ हो गया है। तेज धूप निकलने से लोगों को गर्मी का एहसास होने लगा है। बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी गेहूं और चने की फसलें गीली हो गई थीं, जिन्हें अब किसान धूप में सुखा रहे हैं। पिछले तीन दिनों से जिले में हल्की बारिश हो रही थी और आसमान में काले बादल छाए हुए थे। इस समय गेहूं और चने की कटाई का सीजन चल रहा है। ऐसे में बारिश से कटी हुई फसलों को नुकसान होने का डर बना हुआ था। गीली फसल को सुरक्षित रखना किसानों के लिए चुनौती बन गया था।

**फरवरी में बदला मौसम का मिजाज :** फरवरी महीने में सीहोर के लोगों ने मौसम के अलग-अलग रूप देखे हैं। महीने की शुरुआत में घना कोहरा छाया रहा। दूसरे सप्ताह में ठंड बढ़ी। इसके बाद तीसरे सप्ताह के अंत में अचानक तीन दिनों तक बारिश हुई। अब फिर से मौसम साफ है और तेज धूप निकल रही है।

### पश्चिमी विक्षोभ से हो रहा बदलाव

शासकीय कृषि कॉलेज स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस.एस. तोमर के अनुसार, मौसम में यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के सक्रिय होने और हवाओं की दिशा बदलने के कारण हो रहा है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में भी मौसम में इसी तरह उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

मौसम में बदलाव के साथ तापमान में भी लगातार परिवर्तन दर्ज किया गया है। 13 फरवरी को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस था। 17 फरवरी को यह बढ़कर 19 डिग्री हो गया। फिर 19 फरवरी को गिरकर 11 डिग्री तक पहुंच गया। 22 फरवरी को एक बार फिर यह बढ़कर 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## एलएलसीटी ने वीआईटी सी को दो विकेट से हराया

### अनिवेश ने खेली 20 गेंद पर 41 रन की विस्फोटक पारी

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर वीआईटी विश्वविद्यालय के तत्वाधान में खेली जा रही स्पोटर्स मीट 2026 के दूसरे दिन चार मैच खेले गए थे। इसमें पहला मैच वीआईटी सी और एलएनसीटी के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में एलएनसीटी ने वीआईटी सी को दो विकेट से हराया। इसमें अनिवेश ने 41 रन और केके ने 27 और आयुष कुमार शर्मा ने 20 रन की पारी खेली। इस मौके पर संस्कार मंच के संरक्षक मनोज दीक्षित मामा, सीनियर खिलाड़ी मोहनिश त्रिवेदी, संजय पटेल, मदन कुशवाहा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। वहीं दूसरे मैच में वीआईटी बी ने एलएनसीटी को 69 से एक तरफा मुकाबले में हराया। इस संबंध में जानकारी देते हुए खेल प्रशिक्षक प्रशांत तिवारी, कोडिनेटर अतिक उररहमान, ज्योर्तिमय और मिलन ने बताया कि रविवार को चार मैच खेले गए थे। इसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए वीआईटी सी ने निर्धारित 10 ओवर में 107 रन बनाए थे। इसमें आयुष्मान ने 20 गेंद पर 28 रन, सुजल गुप्ता ने 13 गेंद पर 24 रन, उदय त्यागी ने नौ गेंद पर 20 रन की पारी खेली। इधर एलएनसीटी इलेवन की ओर से शिवम गोयल ने दो ओवर में 13 रन देकर दो विकेट, मो. आजम ने दो ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट और कुलदीप मिश्रा ने दो ओवर में 32 रन देकर एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एलएनसीटी ने विजय लक्ष्य 8.5 ओवर में हासिल किया। इसमें अनिवेश सिंह ने 41 रन, केके ने 27 रन, मो. आजम ने 17 रन, आयुष कुमार शर्मा ने छह गेंद पर 20 रन की शानदार पारी खेली। इसके अलावा वीआईटी सी की ओर से उदय त्यागी-पियुष कुमार ने एक-एक विकेट हासिल किया। सोमवार को भी चार मैच खेले जाऐंगे। वहीं मंगलवार को प्रतियोगिता का समापन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए खेल प्रशिक्षक प्रशांत तिवारी, कोडिनेटर अतिक उररहमान, ज्योर्तिमय और मिलन ने बताया कि रविवार को चार मैच खेले गए थे। अब मंगलवार को इसका फाइनल खला जाएगा और बा$की और भी स्पोट्र्स खेले जा रहे हैं वीआईटी भोपाल के कैम्पस में आयोजित किए जा रहे है।

### अंतिम निर्वाचक नामावली का प्रकाशन हुआ, जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक संपन्न

# जिले भर में 14 हजार 140 दिव्यांग व 1 लाख 12 हजार 803 मतदाता सूची में सम्मिलित

**कलेक्टर ने विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की अंतिम निर्वाचक नामावली के प्रकाशन की दी जानकारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के अंतर्गत जिले में निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने की। बैठक में आयोग द्वारा जारी विभिन्न पत्रों के निर्देशों के क्रम में 21 फरवरी 2026 को अंतिम निर्वाचक नामावली के प्रकाशन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, सचिव, प्रतिनिधि एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अंतिम निर्वाचक नामावली की एक-एक प्रति हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी (फोटो सहित) में उपलब्ध कराई गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मिश्रा ने विशेष



गहन पुनरीक्षण 2026 की सफल क्रियान्विति में सहयोग प्रदान करने हेतु सभी राजनीतिक दलों का आभार व्यक्त करते हुए निर्वाचक नामावली को त्रुटिरहित एवं अद्यतन बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी की अपील की।

#### अधिकृत स्थानों पर अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली का कर सकते हैं अवलोकन

बैठक में बताया गया कि आमजन अंतिम प्रकाशित निर्वाचक नामावली का अवलोकन अपने संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय अथवा अधिकृत स्थानों पर कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त फोटो सहित अंतिम मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

#### अंतिम प्रकाशित सूची के अनुसार जिले में 14140 दिव्यांग मतदाता हैं दर्ज

जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में प्रारूप प्रकाशन 23 दिसंबर 2025 से 20 फरवरी 2026 तक प्राप्त दावों एवं आपत्तियों के निराकरण के उपरांत कुल 16,839 मतदाताओं के पंजीयन, 2,554 नामों के विलोपन तथा 7,504 प्रविष्टियों में संशोधन किए गए हैं। इस प्रकार आज की स्थिति में कुल 1,12,803 मतदाता सूची में सम्मिलित हैं। अंतिम प्रकाशित सूची के अनुसार जिले में कुल 14,140 दिव्यांग मतदाता दर्ज हैं। सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अंतिम निर्वाचक नामावली की एक-एक प्रति हार्ड कॉपी तथा एक प्रति सीडी (फोटो सहित) में उपलब्ध कराई गई। बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों से आग्रह किया गया कि यदि किसी पात्र नागरिक का नाम सूची में सम्मिलित होने से वंचित रह गया हो तो वे निर्धारित प्रपत्र-6 के माध्यम से आवेदन करें। नाम विलोपन हेतु प्रपत्र-7 तथा प्रविष्टि में संशोधन हेतु प्रपत्र-8 का उपयोग किया जाए। विशेष रूप से ऐसे नागरिक जो 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई एवं 01 अक्टूबर को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उन्हें सूची में सम्मिलित कराने के लिए प्रोत्साहित करने का अनुरोध किया गया।

### मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान हो गई मृत्यु

# हत्या का प्रकरण दर्ज करने की मांग को लेकर भीम आर्मी ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

पड़ाना गांव में पूर्व में हुई मारपीट की घटना में घायल व्यक्ति की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने के बाद मामला गरमा गया है। रविवार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन के बैनर तले बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय में अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने पहुंचे। ज्ञापन में मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने तथा आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी अनुसार 1 नवंबर 2025 को ग्राम पड़ाना निवासी निवासी कमल सिंह मरमट के साथ मारपीट की घटना हुई थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी।

आरोप है कि घटना के बाद से आरोपी पक्ष द्वारा लगातार परिवार को धमकाया जा रहा था। घायल का इलाज इंदौर में चल रहा था, बाद में हालत बिगड़ने पर सारंगपुर सिविल अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद लगभग 2 घंटे पीएम हाउस के बाहर परिजनों ने हंगामा किया। इस दौरान तहसीलदार आकाश शर्मा थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा ने समझाइश दी लेकिन नहीं माने, उसके बाद युवक के परिजन सहित संगठन के लोगों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में मांग की है कि दर्ज प्रकरण में हत्या की धारा तथा अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की संबंधित धाराएं जोड़ी जाएं और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की जाए। साथ ही पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, उपचार में हुए खर्च की प्रतिपूर्ति, दोनों बच्चों को निःशुल्क उच्च शिक्षा, परिवार को कृषि योग्य भूमि आवंटन, एक सदस्य को शासकीय नौकरी तथा एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गई है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि परिवार ने इलाज के लिए निजी जमीन बेच दी थी, जिसे बहाल कराने की मांग की गई है। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

### राजस्व और पुलिस टीम की दबिश, चालक वाहन छोड़कर फरार

# अवैध रेत परिवहन पर सख्ती, संयुक्त कार्रवाई में तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सुठालिया क्षेत्र में लगातार जारी अवैध रेत उत्खनन के खिलाफ शनिवार को प्रशासन ने सख्त कदम उठाते हुए संयुक्त कार्रवाई की। राजस्व विभाग और पुलिस की टीम ने सीलखेड़ा के पास दबिश देकर अवैध रेत परिवहन करने तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए। कार्रवाई के दौरान वाहन चालकों ने टीम को आते देख ट्रैक्टर मौके पर ही छोड़ दिए और फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, अवैध रेत परिवहन की सूचना मिलने पर सुठालिया तहसीलदार दोजीराम अहिरवार के नेतृत्व में थाना प्रभारी अनिल राहोरिया एवं राजस्व-पुलिस बल मौके पर पहुंचा। टीम ने सिलखेड़ा मार्ग पर घेराबंदी कर रेत से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉली रोके और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। वैध अनुमति पत्र नहीं मिलने पर तीनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई।



क्षेत्र के सेमलापार गांव के पास पार्वती नदी में लंबे समय से अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें मिल रही हैं। बताया जा रहा है कि यहां पोकलेन मशीनों के माध्यम से बड़े पैमाने पर रेत निकाली जा रही है, जिससे नदी के प्राकृतिक स्वरूप को नुकसान पहुंच रहा है।

## दुकान के सामने बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद, युवक से मारपीट

**ब्यावरा।** शहर के नगरपालिका कॉम्प्लेक्स में गुरुवार सुबह दुकान के सामने मोटरसाइकिल खड़ी करने की बात पर विवाद हो गया। विवाद के दौरान एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी हरिओम वर्मा (32) निवासी मातामंड मोहल्ला ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाते हुए पुलिस को बताया कि उसकी नगरपालिका कॉम्प्लेक्स में मोटरसाइकिल सीट कवर की दुकान है। उसके बगल में स्थित एक दुकान पर गोलू जाटव मोटरसाइकिल मैकेनिक का काम करता है। 20 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे गोलू जाटव ने अपनी मोटरसाइकिल हरिओम की दुकान के सामने खड़ी कर दी। इस पर हरिओम ने बाइक हटाने को कहा। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि गोलू जाटव ने गाली-गलौज करते हुए हाथ में पहने कड़े से और हाथ-मुक्कों से मारपीट कर दी, जिससे हरिओम के दाहिने कान के और सिर में चोट आई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कालीपीठ में जागरुकता चौपाल का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, युवा विकास मंडल संस्था के संयुक्त प्रयास से जिला प्रशासन द्वारा जिले के चार ब्लाक राजगढ़, खिलचीपुर, ब्यावरा व नरसिंहगढ़ के 80 गांवों में भ्रमण कर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए। जनसंवाद के माध्यम से ग्रामीणजनों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों एवं सामाजिक प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई तथा सभी को बाल विवाह मुक्त समाज बनाने की शपथ दिलाई गई। इस अभियान के दौरान जिले में लगभग 4 हजार ग्रामीणजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उन्हें जागरूक किया गया, तत्पश्चात शनिवार को कालीपीठ में जागरूकता चौपाल का आयोजन कर बाल विवाह के दुष्परिणामों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं जागरूकता रथ अभियान का समापन किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित नागरिकों को बाल विवाह मुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई।



## झगड़ा-नातरा कुप्रथा से जुड़े प्रकरण में फरार दो आरोपित गिरफ्तार

**ब्यावरा।** जिले में झगड़ा-नातरा कुप्रथा से संबंधित अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी के तहत सिटी थाना पुलिस ने झगड़ा-नातरा कुप्रथा के पंजीबद्ध एक प्रकरण के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी थाना ब्यावरा शहर वीरेंद्र सिंह धाकड़ ने बताया कि सिटी थाना की टीम ने पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष प्रयास किए गए, जिनमें महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस कार्रवाई में धारा 308(5), 324(4),351(3), 3(5) बीएनएस के फरार आरोपी भगवान सिंह गुर्जर पिता रोडजी गुर्जर उम्र 45 साल निवासी ग्राम सागोरिया थाना मृगवास जिला गुना, हरिराम गुर्जर पिता भगवान सिंह गुर्जर उम्र 25 साल निवासी ग्राम सागोरिया थाना मृगवास जिला गुना को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किए गए, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## मानसिक दिव्यांगजनों हेतु जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 25 को

**ब्यावरा।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मानसिक दिव्यागजनों हेतु जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 25 फरवरी को प्रातः 10 बजे से जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र जिला चिकित्सालय परिसर राजगढ़ में किया जाएगा। शिविर में मानसिक दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड) बनाए जाएंगे, मानसिक दिव्यांगजनो को आवश्यक दस्तावेज जैसे - आधार कार्ड, समग्र आई डी, 2 पासपोर्ट साइज फोटों के साथ लाना है। उक्त विशेष शिविर में मानसिक दिव्यांगजनों को जिला स्तर पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी कार्ड) जारी करवाए जा सके। साथ ही शिविर में अधिक से अधिक मानसिक दिव्यांगजन उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें और कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे। उक्त विशेष शिविर का आयोजन केवल मानसिक दिव्यागजनों हेतु ही किया जा रहा हैं। अतः शिविर में केवल मानसिक दिव्यांगजन ही उपस्थित हो अन्य दिव्यांगजन न आए जिससे उनको अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

## पहले बोवनी वाले गेहूं-चना में बारिश से नुकसान, किसान बोले क्वालिटी खराब होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बेमौसम बारिश और तेज हवा ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पिछले दो दिनों से मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है, जिससे गेहूं और चना जैसी फसलों को नुकसान पहुंचा है। गुरुवार रात हल्की बूंदाबांदी हुई, वहीं गुरुवार रात मध्यम बारिश दर्ज की गई।

बारिश के कारण मौसम में ठंडक घुल गई है। दिन में भी लोग ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लेते देखे गए। मौसम विभाग के अनुसार, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से यह मौसमी बदलाव हुआ है। शुक्रवार सुबह से आसमान में बादल छाए रहे दोपहर तक सूरज नहीं निकला।

अधिकतम तापमान करीब 25 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण फिलहाल मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। हालांकि, आने वाले दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## मध्य प्रदेश में ओबीसी आरक्षण लागू किया जाए : सुमन

**ब्यावरा।** सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण पर कोई रोक नहीं है और राज्य सरकार चाहे तो अंतरिम आदेश के अनुरूप इसे लागू कर सकती है। अब देरी का कोई बहाना नहीं बचा है। जब ओबीसी वर्ग की आबादी 50 प्रतिशत से अधिक है और सेवाओं में उनका प्रतिनिधित्व केवल 13.8 प्रतिशत है, तो यह साफ तौर पर सामाजिक न्याय का गंभीर सवाल है। 2019 में कांग्रेस सरकार द्वारा लिए गए 27 प्रतिशत आरक्षण के निर्णय को वर्षों तक लागू न करना और हजारों पदों को होल्ड पर रखना लाखों युवाओं के अधिकारों से खिलवाड़ है। सुरेश सुमन पूर्व प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग ब्यावरा ने मध्य मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि राजनीति छोड़कर तुरंत 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण लागू करना चाहिए। समान अवसर और न्याय कोई कृपा नहीं, संवैधानिक अधिकार है। मेरा मुख्यमंत्री से निवेदन है कि वे तत्काल प्रभाव से 27 प्रतिशत आरक्षण लागू कर ओबीसी वर्ग के बच्चों को न्याय दें।



# गोवंश खा रही दरबदर की ठोकर, गोसेवक कर रहे गोशाला के लिए भूमि की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छापीहेड़ा

नगर में गोशाला न होने के कारण गोवंश की दुर्दशा दिन-ब-दिन बढ़ती ही जा रही है। सेवक तो बहुत हैं परंतु जब जब सेवकों ने शासन प्रशासन से गोशाला भूमि की मांग की है तब तब उनको आश्वासन ही मिला है। यह आश्वासन लंबे अंतराल से चलता ही आ रहा है। गोवंश को आवारा कुत्ते नोच नोच कर खा रहे हैं। ऐसी दुर्दशा गायों की इस समय हो रही है। गो सेवकों ने कुछ दिन पहले नगर परिषद कार्यालय के सामने मृत गोवंश को रखकर गोवंश के आशियाने के लिए भूमि आवंटित करने की मांग तथा गौशाला बने ऐसा प्रस्ताव रखा था परंतु फिर से उन गौ सेवाको को आश्वासन देकर बात को ठंडे बस्ते में डाल दिया कब होगी सुनवाई इन बेसहारा गोवंश के की कब मिलेगा इनको रहने का आशियाना जब जब चुनाव आते हैं तब तब गोवंश का मुद्दा प्रथम श्रेणी में आता है चुनाव में वोट मांगने के लिए बड़ी-बड़ी बातें कर वोट बटोर लेते हैं चुनाव में रहते हैं कि हम गोवंश के लिए सबसे पहले प्रमुखता के साथ कार्य करेंगे सबसे पहले प्रथम गौशाला का निर्माण करेंगे कहां गई वह बड़ी-बड़ी बातें कुर्सी पर बैठने के बाद बातें हैं इन बातों का क्या ऐसी कहावत बन जाती है अब कौन मसीहा इन गोवंशों के लिए आशियाने की बात प्रमुखता के साथ रखें और शासन प्रशासन इस और ध्यान दें ताकि में भटकती गो वंश के लिए कोई एक आशियाना बना सके।



### सामाजिक न्याय दिवस पर सशक्त वाहिनी की बालिकाओं को मार्गदर्शन मिला

# सशक्त वाहिनी की कक्षा में प्रधान मजिस्ट्रेट ने बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के महत्वपूर्ण सुझाव दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

अंतरराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस कण्ट्रोल रूम में संचालित सशक्त वाहिनी की कक्षा में एक विशेष मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर प्रधान मजिस्ट्रेट अपूर्वा पाठक ने उपस्थित होकर बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव दिए तथा न्यायिक सेवाओं की परीक्षाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बालिकाओं को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने एवं आत्मविश्वास बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता अनिमेष तिवारी ने एलएलबी पाठ्यक्रम विधि शिक्षा के महत्व एवं न्यायिक क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बालिकाओं को विधि क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आवश्यक योग्यताओं एवं तैयारी की रूपरेखा समझाई। महिला एवं बाल विकास विभाग से संतोष रघुवंशी ने सशक्त वाहिनी की कक्षाओं की गतिविधियों, उद्देश्य एवं उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सशक्त वाहिनी के माध्यम से बालिकाओं को शैक्षणिक मार्गदर्शन, व्यक्तित्व विकास एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु निरंतर सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और मार्गदर्शन का लाभ उठाया। यह आयोजन बालिकाओं के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक प्रेरणादायक पहल सिद्ध हुआ।

#### मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 14 मरीजों को राहत

**विदिशा।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से जिले के 14 गंभीर व जरूरतमंद मरीजों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कलेक्टर कार्यालय द्वारा स्वीकृत 10 हजार से 50 हजार रुपए तक की राशि ई-पेमेंट के माध्यम से सीधे संबंधित अस्पतालों के खातों में अंतरित की गई। यह सहायता आरोग्य निधि हॉस्पिटल भोपाल, बैरसिया जनरल हॉस्पिटल, अरेरा हॉस्पिटल एंड कैथ लैब सहित अन्य अस्पतालों में उपचाररत मरीजों को मिली। कोषालय से यूटीआर नंबर के जरिए पारदर्शी भुगतान किया गया।

#### बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं पर मार्गदर्शन

**विदिशा।** अंतराष्ट्रीय सामाजिक न्याय दिवस पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम स्थित सशक्त वाहिनी कक्षा में मार्गदर्शन सत्र आयोजित हुआ।

## कलेक्टर गुप्ता ने आबकारी कार्यालय का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने शुक्रवार को जिला आबकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने राजसात वाहनों की स्थिति का जायजा लिया।

कलेक्टर ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को अवैध शराब परिवहन में राजसात वाहनों की शीघ्र नीलामी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अभिलेखों को वर्षवार व्यवस्थित कर बस्ता बनाकर रखने और प्रत्येक बस्ते में सूची संलग्न करने को कहा। अलमारियों में रखे अभिलेखों व पंजियों की सूची बाहर चस्पा करने, सुरक्षा की दृष्टि से ताला लगाने तथा अनुपयोगी उपकरणों को राइट ऑफ करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कर्मचारियों के नाम, पदनाम व



मोबाइल नंबर सहित नेम प्लेट लगाने तथा अनुकंपा नियुक्त सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को निर्धारित समय में सीपीसीटी परीक्षा उत्तीर्ण करने के निर्देश दिए।

#### देवकीनंद ठाकुर 10 मार्च को विदिशा आएंगे



**विदिशा।** वृंदावन के संत देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज 10 मार्च को सुबह 9 बजे माधवगंज में आयोजित विराट धर्मसभा को संबोधित करेंगे। धर्मसभा के पश्चात बागेश्वर धाम सरकार के आशीर्वाद से अखंड हिंदू राष्ट्र और सनातन एकता के उद्घोष के साथ विदिशा से बालाजी धाम मेहगांव तक सनातन एकता यात्रा प्रारंभ होगी। आयोजक हिंद प्रहरी संगठन ने धर्मप्रेमी बंधुओं से धर्मसभा एवं पदयात्रा में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

## ग्राम पंचायत लायरा में एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**कुरवाई।** तहसील कुरवाई की ग्राम पंचायत लायरा में संकल्प से समाधान अंतर्गत राजस्व सेवा शिविर आयोजित हुआ। एसडीएम मनीष जैन के नेतृत्व में ग्रामीणों की नामांतरण, सीमांकन, बंटवारा, खसरा नकल, राजस्व रिकॉर्ड सुधार, रास्ता विवाद व अतिक्रमण संबंधी समस्याएं सुनी गईं। मौके पर बी-1 वाचन और फार्मर रजिस्ट्री भी बनाई गई। बिजली बिल व ट्रांसफार्मर समस्याओं का निराकरण किया गया।

## खबर संक्षेप

### पंचायतों में तालाबंदी आज, सौंपेगे ज्ञापन

**आष्टा।** सोमवार को जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में तालाबंदी कर एसडीएम एवं कलेक्टर एसपी को ज्ञापन दिया जाएगा, शासकीय कार्य करते वक्त जानलेवा हमला के आरोपियों को सिद्धिकगंज थाना प्रभारी ने बचाते हुए उलटे पीसीओ एवं सचिव के साथ अभद्रता कर प्रकरण दर्ज नहीं किया। अनुसूचित वर्ग के साथी पीसीओ विश्राम मालवीय और सचिव ग्राम गुराड़िया वाज्याप्त के ग्राम लाखूखेड़ी मे कल शासकीय कार्य करते हुए जानलेवा हमला हुआ और थाना प्रभारी सिद्धिकगंज राजू सिंह बघेल द्वारा दोषियों पर एफआईआर ना करते हुए, आवेदन भी नहीं लिया गया और अभद्रता की गई और गाली देकर हमारे सम्मानीय पीसीओ को भगा दिया गया। टीआई द्वारा अपराधियों को बचाया जा रहा है। उक्त घटना और बदतमीज थाना प्रभारी राजू बघेल के विरुद्ध 23 फरवरी सोमवार को जनपद आष्टा की सभी पंचायतों मे तालाबंद हड़ताल और दोपहर 12 बजे आष्टा मे एसडीएम और फिर सीहोर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया जायेगा। सभी सरपंच सचिव ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत का स्टाफ कल 12 बजे जनपद परिसर मे उपस्थित रहे।

### जिला चिकित्सालय में अग्नि सुरक्षा पर मॉक ड्रिल का आयोजन

**देवास।** जिला स्तरीय आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग भोपाल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के परिपालन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में टेबल टॉप एक्सरसाइज से हुई।

### सरस्वती स्कंध महामंडल विधान में गूंजी ज्ञान-आराधना, श्रुत महिमा का गुणगान

# जिनवाणी जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करती है: मुनि विश्वसूर्य सागर

**मुनिश्री साध्य सागर ने कहा जिनवाणी तकदीर बदल देती है, यह भविष्यवाणी है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज की प्रेरणा से सरस्वती स्कंध महामंडल विधान रविवार 22 फरवरी को आयोजित किया गया। जिसमें समाज के श्रावक और श्राविकाओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अर्ध्य समर्पित किया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज ने कहा कि सर्वोपरि धर्म, ज्ञान और तप की परंपरा को जीवंत रखने वाले पिच्छिका -कमंडलधारी दिगंबर संत आज भी देशभर में आत्मजागरण का संदेश दे रहे हैं। वर्तमान में पूरे भारत में लगभग 1600 दिगंबर जैन मुनि,साधु-साध्वियां विराजमान हैं। ये संत समाज को संयम, त्याग और आत्म शुद्धि का मार्ग दिखा रहे हैं।पिच्छिका-कमंडलधारी 1600 दिगंबर संत देश में धर्मदीप जला रहे।मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज ने कहा "हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक जिनप्रतिमा अवश्य विराजित करनी चाहिए।प्रतिमा स्थापना केवल पत्थर की मूर्ति स्थापित करना नहीं,बल्कि अपने अंतर्मन में जिनेन्द्र के गुणों को प्रतिष्ठित करना है।"उन्होंने कहा कि मुनिराजों का सान्निध्य दुर्लभ है,परंतु जिनवाणी का सान्निध्य सुलभ है।मुनिराज कम मिलेंगे,लेकिन जिनवाणी हर जगह सैकड़ों मिलेगी। जिनवाणी का उपकार अनंत है। जिनवाणी तकदीर को बदल देती है। यह कोई सामान्य वाक्य नहीं, बल्कि भविष्यवाणी है। भविष्यवाणी अर्थात जिनवाणी।मुनिश्री ने समझाया कि जिनवाणी वह दिव्य ज्ञान है जो जीव के तीन भूत और तीन भविष्य भवों का दिग्दर्शन कराती है। यह केवल शास्त्र नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करने वाली चेतना है। श्रुतज्ञान के माध्यम से जीव अपने कर्मबंधनों को पहचानता है और मुक्ति की दिशा में अग्रसर होता है।

#### मंत्रोच्चार से गुंजायमान हुआ वातावरण

कार्यक्रम में श्रद्धाभाव के साथ सरस्वती स्कंध महामंडल विधान एवं श्रुत स्कंध शांतिधारा संपन्न हुई। विधान को मुनिश्री साध्य सागर मुनिराज के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार और विधिपूर्वक संपन्न कराया गया। पूरे वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और ज्ञान की पवित्र ध्वनि गूंजती रही।इस अवसर पर मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने कहा कि सरस्वती स्कंध महामंडल विधान केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती की आराधना के माध्यम से आत्मा में प्रकाश प्रज्वलित करने का अवसर है। इसकी आराधना से ज्ञान की वृद्धि होती है, विवेक जागृत होता है और पुण्य का संचय होता है।

#### श्रुत ही मोक्षमार्ग का आधार

मुनिश्री विश्वसूर्य सागर मुनिराज ने कहा कि श्रुत (शास्त्र) आत्मा के लिए दीपक के समान है। जैसे अंधकार में दीपक मार्ग दिखाता है, वैसे ही जिनवाणी जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को दूर करती है। धन, वैभव और पद प्रतिष्ठा क्षणिक हैं,परंतु ज्ञान शाश्वत है।उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शास्त्राध्ययन को जीवन का अंग बनाएं। जब तक जिनवाणी से जुड़ाव नहीं होगा, तब तक आत्मिक उन्नति संभव नहीं है। श्रुतज्ञान ही सम्यक दर्शन और सम्यक चारित्र की नींव है।

#### धर्ममय वातावरण में उमड़ी आस्था

विधान और शांतिधारा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने भक्ति-भाव से सहभागिता करते हुए ज्ञान-आराधना का संकल्प लिया। मंगल पाठ और आशीर्वचन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। समाजजनों ने इसे आत्मजागरण और ज्ञानवृद्धि का दुर्लभ अवसर बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल आध्यात्मिक उन्नति होती है, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कार और संयम का मार्ग भी प्राप्त होता है। ज्ञान ही आत्मा का वास्तविक आभूषण है, यही संदेश धर्म सभा से गुंजायमान रहा। शांतिधारा के लाभार्थी छोटमल -सचिन जैन, संतोष कुमार- अशोक कुमार जैन, पंकज- संगीता सेठी तथा यंत्र पर शांतिधारा के लाभार्थी मुकेश कुमार-मृदुल बड़जात्या, अशोक- मुकेश जैन, निर्वाण लाडू के लाभार्थी मुकेश -पूजा बड़जात्या, महाअर्घ्य एवं लाडू के लाभार्थी मनीष -रानी बड़जात्या रहे।

#### सभी मंदिरों में मोक्षफल चढ़ाया

जैन धर्म के 19 वें तीर्थंकर मल्लिनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक महामहोत्सव सभी दिगंबर जैन मंदिरों में बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया। किला मंदिर पर विराजमान मुनिश्री विश्वसूर्य सागर, साध्य सागर और अलीपुर मंदिर में विराजमान संस्कार सागर मुनिराज के परम सानिध्य में तथा गंज मंदिर आदि पर श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में भगवान का अभिषेक शांतिधारा कर निर्वाण कांड पाठ बोलकर मोक्षफल अर्पित किया गया।

## औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने हिट एंड रन मामले में आरोपी को किया गिरफ्तार

**ऑपरेशन 'त्रिनेत्रम' की मदद से पकड़ा आरोपी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने "हिट एंड रन" मामले मे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस को यह सफलता ऑपरेशन 'त्रिनेत्रम' के तहत लगे सीसीटीवी कैमरों के आधार पर मिली है। 07 फरवरी को चुनाखदान क्षेत्र में अज्ञात वाहन द्वारा 22 वर्षीय सुमित पिता जीवनसिंह बाडवाल को टक्कर मार दी गई थी, जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई थी।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए एसपी पुनीत गेहलोद द्वारा उक्त फरार आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। एएसपी जयवीरसिंह भदौरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकांत चौरसिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल एवं आसपास के के 50 से अधिक सीसीटीव्ही फुटेज का विश्लेषण किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना में प्रयुक्त पीकअप वाहन क्रमांक MP41GA0328 की पहचान की गई। वाहन स्वामी से पूछताछ उपरांत आरोपी मुकेश पिता मांगीलाल बगाना उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम लसुडिया ब्राह्मण हाल मुकाम चुनाखदान को गिरफ्तार किया गया । आरोपी के कब्जे से दुर्घटना में प्रयुक्त पीकअप वाहन एवं उससे संलग्न मिक्सर मशीन जप्त की गई है। पुलिस कार्यवाही के दौरान आरोपी द्वारा सार्वजनिक रूप से दादागिरी एवं कानून के प्रति अनादर प्रदर्शित करने पर पुलिस द्वारा धारा 170 बीएनएसएस के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया ।

उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी औद्योगिक क्षेत्र निरीक्षक शशिकांत चौरसिया प्र.आर शांतिलाल एवं आर अजय जाट की विशेष भूमिका रही।

## महेंद्र कुमार जैन को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



गत दिनों आष्टा जैन समाज के प्रमुख वरिष्ठ समाज सेवी महेंद्र कुमार जैन श्री मोड़ का निधन हो गया था, स्व महेंद्र कुमार जैन दिगम्बर जैन समाज आष्टा के पूर्व अध्यक्ष यतेंद्र जैन भूरू, भाई धर्मेंद्र जैन के पिता जी है, जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष राजीव गुजराती, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आष्टा के अध्यक्ष धर्मेंद्र ठाकुर, वरिष्ठ समाज सेवी अनिल प्रगति, दिगम्बर जैन समाज शुजालपुर के अध्यक्ष सचिन जैन, संतोष जैन, एडवोकेट पल्लव जैन प्रगति, इंजीनियर प्रशाल जैन टोनी आदि ने स्वर्गीय महेन्द्र कुमार के निवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की, जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर के अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि स्व. महेंद्र जैन सरल मना होने के साथ ही समाज एवं धार्मिक कार्यों में आगे होकर सहयोग करते थे उनकी कमी नगर में और समाज लंबे समय तक महसूस होती रहेगी।

## कांग्रेस में हुई नियुक्ति

**देवास।** इंडियन नेशनल कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनीष चौधरी की अनुशंसा पर सोशल मीडिया एवं आईटी सेल प्रदेशाध्यक्ष चंचलेश व्यास द्वारा देवास विधानसभा में कमलेश गुप्ता को विधानसभा अध्यक्ष व दिपेश हरोडे दिपू को देवास शहर समन्वयक अध्यक्ष नियुक्त किया। गुप्ता व हरोड़े के मनोनयन पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त कर चामुण्डा काम्पलेक्स पर पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

## पीएम रिपोर्ट के बाद हुआ खुलासा, अज्ञात व्यक्ति की हुई थी हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**चापडा।** पुलिस थाना कमलापुर क्षेत्रांर्गत ग्राम खेड़ाखाल पालिया महाराज के पीछे जंगल में 25 जनवरी को एक अज्ञात पुरुष का शव एक सागोन के पेड़ के नीचे भुरे रंग की शाल से ढका हुआ मिला था। अज्ञात मृतक ने सफेद चौकड़ीदार शर्ट तथा नीले रंग का लोवर पहने था। पीएम रिपोर्ट के अनुसार सीधे हाथ की कलाई पर हिंदी में मांगीलाल गुदा हुआ है। उंचाई करीब 5.6 फुट बदन सामान्य है। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि उक्त अज्ञात पुरुष के संबंध में किसी थाना पर कोई सूचना जानकारी अथवा गुमशुदगी दर्ज हो तो कमलापुर थाना पर सूचित कर सकते हैं। मीणा ने बताया कि उक्त अज्ञात पुरुष का थाना कमलापुर जिला देवास में मर्ग क्र. 05/2026 धारा 194 बीएनएसएस का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया है। जांच के दौरान मृतक अज्ञात की पीएम रिपोर्ट प्राप्त की गई जिसमें चिकित्सक द्वारा लेख किया है कि मृतक को मृत्यु के पूर्व किसी कठोर वस्तु से कपाल आवरण पर अंदरुनी चोट पहुँचाई गई जिससे मृतक की मृत्यु हुई है। अतः पीएम रिपोर्ट एवं मर्ग कायम कर जाँच में आए तथ्यों के आधार पर पाया कि मृतक अज्ञात पुरुष उम्र 35-40 साल की हत्या किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा किसी ठोस वस्तु से प्रहार कर की गई है।

## आगामी पर्व और त्यौहारों को लेकर कमलापुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



पुलिस थाना कमलापुर परिसर में नगर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवी आदि की उपस्थिति में शांति समिति की विस्तृत बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने की। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना और बोर्ड परीक्षाओं के दौरान शांतिपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करना तथा आगमी त्योहारों को सौहार्दपूर्ण ढंग से मानने को लेकर समन्वय स्थापित करना रहा।

बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी मीणा ने कहा कि वर्तमान में 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं संचालित हो रही है साथ ही आगामी शुक्रवार से पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं भी प्रारंभ होने जा रही है ऐसे संवेदनशील समय में विद्यार्थियों के लिए शांत वातावरण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विशेष रूप से विवाह समारोह में और अन्य आयोजनों में डीजे लाउडस्पीकर एवं अन्य ध्वनि विस्तारित यंत्रों का उपयोग निर्धारित मानको के अनुरूप और सीमित ध्वनि स्तर पर करने की अपील की ताकि छात्रों की पढ़ाई प्रभावित न हो।

प्रशासन विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर गंभीर है और यदि नियमों का उल्लंघन कर अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण किया गया तो नियम अनुसार कार्रवाई भी की जाएगी। साथ ही उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अपील की है कि वह स्वयं भी जागरूक रहे और दूसरों को भी नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। बैठक में आगामी त्योहारों होली, धुलेंडी, शीला सप्तमी एवं ईद

## मेले में क्रिकेट प्रतियोगिता का किया समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नगर में चल रहे 10 दिवसीय मेले के दौरान आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन शनिवार को हुआ। क्रिकेट प्रतियोगिता में लगभग 16 टीमों ने भाग लिया। जिसमें ग्वालियर, भोपाल, आष्टा, देवास, उज्जैन, इंदौर ,शाजापुर, टोंकखुर्द, हाटपिपलिया, सोनकच्छ, बडनगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से कई टीमों ने भाग लिया। शनिवार को हुए मैच में इंदौर और भोपाल के बीच में फाइनल मुकाबला हुआ जिसमें भोपाल एमजी,एचएम एकता व इन्दौर नरेंद्र इलेवन के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। प्रथम विजेता एमजी एचएम भोपाल रही, जिसे 2 लाख रुपए एवं द्वितीय पुरस्कार इंदौर नरेंद्र इलेवन को 1 लाख रूपए का नगद पुरस्कार नगर परिषद भौरासा द्वारा दिया गया। फाइनल के मैन ऑफ द मैच घनश्याम यादव भोपाल रहे। जिन्हें नगर परिषद द्वारा 11000/ हजार रुपए का पुरस्कार दिया गया। वहीं मैन ऑफ द सीरीज आशीष गौतम इंदौर को 5100/ सौ रुपए का पुरस्कार दिया गया। मैच की कॉमेंट्री प्रमोद पालीवाल,शैलेंद्र ठाकुर, राज राठौर, मनीष ठाकुर स्कोरर लक्की बाबा के द्वारा की गई व एंपायर शिप युवराज सिंह राजपूत व तबरेज शेख, राहुल जादव के द्वारा की गई।इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जय सिंह राणा, नगर परिषद सीएमओ सविता सोनी, पार्षद सचिन यादव ,राजेंद्र यादव, अबरार गांधी, संदीप चावड़ा, मुकेश कुमावत कैलाश सिंह ठाकुर, मौसम माली, विनायक माली, गब्बर ठाकुर ,पवन जायसवाल, अमित चौधरी, निखिल राठोर ,अंकित ठाकुर ,घोटिया ठाकुर, आदि व पार्षदगण एव समस्त नगर परिषद के कर्मचारियों ने सफल आयोजन पर नगरवासियों व बाहर की टीमों का आभार माना।

### निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

# देवास जिले में 11 लाख 90 हजार 317 मतदाता





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत शनिवार को फोटो निर्वाचक नामावली की अंतिम प्रकाशन जिले की सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालयों में किया गया।

जिला स्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के लिए जिला स्तरीय बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अंतिम प्रकाशित नामावली की फोटो रहित सूची की सीडी एवं फोटो युक्त सूची की मुद्रित प्रति प्रदाय की गई । बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शोभाराम सोलंकी, तहसीलदार देवास सपना शर्मा, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में ओम जोशी, मनोहर जाधव, डॉ. मंसूर शेख, दरियाव सिंह मालवीय उपस्थित थे। बैठक में बताया गया कि जिले की पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रारूप निर्वाचक नामावली में 06 लाख 04 हजार 230 पुरूष, 05 लाख 74 हजार 220 महिला एवं 14 अन्य मतदाताओं सहित कुल 11 लाख 78 हजार 464 मतदाता दर्ज थे। दावे/आपत्तियों के निराकरण पश्चात कुल 17 हजार 869 नाम सम्मिलित हुए है तथा 6020 मतदाताओं के नाम निरसित किये गये है। अंतिम प्रकाशन में कुल 06 लाख 10 हजार 025 पुरूष, 05 लाख 80 हजार 278 महिला तथा 14 अन्य सहित कुल 11 लाख 90 हजार 317 मतदाता दर्ज है ।

निर्वाचक नामावली से कुल 445 मृत, 3673 स्थानान्तरित, 130 दोहरी प्रविष्टि तथा अन्य स्थानान्तरित 1771 प्रविष्टियों सहित कुल 6020 विवरण निरसित किये गये है । अंतिम प्रकाशन अनुसार जिले का मतदाता जनसंख्या अनुपात 60.96 तथा लिंगानुपात 951 हैं। कुल 1434 सेवा मतदाता की सूची पृथक से प्रकाशित की गई है । नामावली में कुल 9582 दिव्यांग मतदाता सम्मिलित है ।

## तृतीय वर्ष फागण माह की भव्य निशान यात्रा निकलेगी आज




हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा

नेवरी फाटा स्थित खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में आज फाग महोत्सव मनाया जाएगा। समिति द्वारा पूर्ण तैयारी कर ली गई है। बाबा का भव्य दरबार सजाया जाएगा।

साथ ही श्याम प्रेमियों पर इत्र व फूल वर्षा और गुलाल वर्षा भी होगी। समिति सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी फाग महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा व श्याम प्रेमियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन भी रखा गया है। इसी कड़ी में सोनकच्छ नगर से नेवरी फाटा धाम तक एक भव्य फाग निशान यात्रा भी निकाली जाएगी जिसका नेवरी फाटा धाम पहुंचने पर समिति द्वारा भव्य स्वागत किया जाएगा। फाग यात्र में सोनकच्छ नगर से बडी संख्या में श्याम प्रेमी शामिल होंगे। फाग महोत्सव को लेकर क्षेत्र के गांव डकाच्या, पोलाय जागीर,बुधन गांव, मलेडिया, पांदा जागीर, सरसौदा, नाना, धारा खेड़ी, गुराडिया सहीत दर्जनो गांव से श्याम प्रेमी शामिल होंगे।